<u>जसवंत मॉडर्न सी. से. स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश गृह कार्य (2025-26) कक्षा 7 अ विषय हिंदी</u>

प्रश्न-1: पाठ्य पुस्तक को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें

(क) पक्षियों को पालना उचित है अथवा नहीं?

(ख) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

(ग) कठपुतली को अपने पांव पर खड़ी होने की इच्छा है लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

(घ) 'अब इस बार ये पैसे ना लूंगा' मिठाई वाले ने ऐसा क्यों कहा?

(ङ) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

(च) अपने संस्कृत शिक्षक से पूछिए कि कालिदास ने हिमालय को देवात्मा क्यों कहा है?

(छ) पहली कठपुतली ने स्वयं कहा कि 'ये धागे क्यों है मेरे पीछे-आगे? इन्हें तोड़ दो मुझे मेरे पांव पर छोड़ दो। तो फिर वह चिंतित क्यों हुई?

(ज) खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

प्रश्न-2: बाल महाभारत कथा

(क) महाभारत का युद्ध कितने दिन तक चला?

(ख) महाभारत की कथा किसकी देन है?

(ग) गंगा ने अपनी नवजात बच्चों के साथ क्या किया?

(घ) सत्यवती के कितने पुत्र थे? नाम बताइए?

(ङ) पांडु कौन थे?

(च) धृतराष्ट्र के पुत्र क्या कहलाए?

(छ) केवट राज को संतुष्ट करने के लिए देवव्रत ने क्या वचन दिया?

(ज) पांडु की कितनी रानी थी?

(झ) विदुर किसके प्रधानमंत्री थे?

प्रश्न-3: दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं

(क) गगन (ख) अरमान (ग) आकुल (घ) विघ्न (ङ) झिझक (च) मधुर (छ) ढंग
(ज) उत्सुक (झ) निकट (ञ) स्वतंत्र

प्रश्न-4: दिए गए भाषाओं की लिपियाँ लिखिए

(क) पंजाबी (ख) उर्दू (ग) मराठी (घ) संस्कृत (ङ) हिन्दी

प्रश्न-5: दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए

(क) परधान (ख) उशा (ग) क्रिया (घ) मिर्तता (ङ) परिक्षा

प्रश्न-6: दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए

(क) अकेला (ख) आत्मा (ग) ख़तरा (घ) ओखली (ङ) डिबिया

प्रश्न-7: दिए गए विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

(क) बेरोजगारी एक समस्या (ख) मनोरंजन के आधुनिक साधन

प्रश्न-8: दिये गये विषय पर एक औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्र लिखें।

(क) औपचारिक पत्र- विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिये प्रधानाचार्य को पत्र लिखें।

(ख) अनौपचारिक पत्र- बड़े भाई के विवाह का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखें।

प्रश्न-9: परियोजना कार्य

(क) स्वतंत्रता की लड़ाई में 1857 के संग्राम में किन-2 राज्यों ने भाग लिया? इस पर एक परियोजना बनायें।

(ख) फेरीवालों की दिनचर्या कैसी होती होगी ? उनकी जिन्दगी में किस प्रकार की समस्याएं और उतार-चढ़ाव आते होंगे? इसके बारे में परियोजना बनायें।

प्रश्न-10: वसंत और महाभारत में पढाये गये पाठों के प्रश्न उत्तर याद करें। व्याकरण में कराये गये समस्त कार्य का अभ्यास करें।

<u>निर्देश:</u> प्रतिदिन एक पृष्ठ सुलेख लिखकर लेख सुधारें।